>

Title: Need to construct railway line linking Khajuraho, Panna and Satna in Madhya Pradesh-Laid.

श्री जितेन्द्र सिंह बुन्देला (खजुराहो): आजादी के 60 वर्ष पूरे हो चुके हैं लेकिन मेरे संसदीय क्षेत्र के महत्वपूर्ण जिला पन्ना में रेल सुविधा नहीं है। यहां कई धार्मिक एवं पर्यटन स्थल हैं। इसे हीरा नगरी एवं टाईगर रिजर्व के नाम से जाना जाता है। तत्कालीन माननीय प्रधान मंत्री श्री अटल जी द्वारा इस पिछड़े क्षेत्र को ललितपुर-सिंगरौली रेल लाईन के रूप में वरदान दिया गया था, जिसका कार्य वर्तमान में चल रहा है, लेकिन पन्ना टाईगर रिजर्व के कारण खजुराहो से पन्ना लाईन का कार्य न्यायालीय प्रक्रिया के कारण रूक गया है। इसी लाईन को पन्ना-सतना से जोड़ना है, जिसका कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हो सका, जिसका कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाये, जिससे यहां रेल सुविधा मिल सके। साथ ही खजुराहो अजयगढ़ से पन्ना लाईन का सर्वे कराकर, इसे रेलवे लाईन को जोड़ने की कार्यवाही करने का कष्ट करें, जिससे मध्य प्रदेश का इकलौता जिला रेल सुविधा से वंचित न रहे।